राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 19 अगस्त। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री राजीव गाँधी की 78वीं जयंती के अवसर पर कल दिनांक 20 अगस्त 2022 को प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि 20 अगस्त को प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर विचार गोष्ठी, पुष्पांजलि, वृक्षारोपण एवं फल वितरण जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर कल 20 अगस्त को प्रातः 11:00 बजे विचार गोष्ठी एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, राज्य मंत्रीमण्डल के सदस्यगण, विधायकगण, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण, जयपुर शहर एवं देहात जिला कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण तथा विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान पदाधिकारीगण सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter